Bareilly, Saturday, 26 August 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 06 MIDDLE

एसआरएमएस को दिया गया सम्मान

जन आरोग्य योजना के पांच वर्ष होने पर लखनऊ में सम्मान समारोह

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (25 Aug): आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पांच वर्ष होने पर शुक्रवार को लखनऊ में सम्मान समारोह आयोजित हुआ. इस समारोह की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने की. उन्होंने इस योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 10 स्वास्थ्य संस्थानों को सम्मानित किया.

गर्व की बात

इसमें बरेली स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसआरएमएस आईएमएस) भी शामिल था. एसआरएमएस की ओर से लखनऊ स्थित संस्थानों की डायरेक्टर अंबिका मूर्ति ने लिया. कार्यक्रम में अंबिका ने कहा कि प्रदेश से 10 स्वास्थ्य संस्थानों में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को चुना जाना निसंदेह सम्मान की बात है. इससे ज्यादा गर्व की बात है कि सम्मान हासिल करने वाले निजी क्षेत्र के तीन स्वास्थ्य संस्थानों में से एक में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज है. स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को मील का पत्थर बताया. कहा कि इसके जरिए आम लोग मेडिकल कॉलेजों के साथ ही सभी निजी अस्पतालों में भी इलाज हासिल करने में सक्षम हो पाए हैं. मिशन डायरेक्टर डॉ. पिंकी जोएल, नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के डायरेक्टर किरण गोपाल आदि उपस्थित रहे.